**भारतीय जनता पार्टी**

**(केंद्रीय कार्यालय)**

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

14 अप्रैल 2026, मंगलवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा पश्चिम बंगाल के गंगारामपुर, मानिकचक और गाज़ोल में आयोजित जनसभाओं में दिए गए संबोधन के मुख्य बिंदु**

***************

**ममता दीदी और हुमायूं कबीर कान खोलकर सुन लें... यह भारत की भूमि है, यहां अब कोई माई का लाल बाबरी मस्जिद नहीं बना सकता**

**ममता के गुंडे इस बार किसी को परेशान नहीं कर पाएंगे... अगर किया, तो उनकी खैर नहीं**

**भाजपा पश्चिम बंगाल में चार शादियां, लैंड जिहाद और लव जिहाद पर रोक लगाएगी**

**SIR से घुसपैठियों के नाम निकल रहे हैं, तो ममता दीदी छाती पीट-पीटकर रो रही हैं, भाजपा चुन-चुनकर घुसपैठियों को निकालेगी**

**भाजपा उत्तर बंगाल को AIIMS, IIT, IIM, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी और इको-एडवेंचर का हब बनाएगी**

**मोदी जी ने मालदा बाढ़ राहत के लिए करोड़ों रुपये भेजे थे, जो TMC के घोटालेबाजों की भेंट चढ़ गए**

**मालदा के विश्व-प्रसिद्ध आम किसानों की समृद्धि के लिए ममता ने कुछ नहीं किया, भाजपा हर मंडल में एक कोल्ड स्टोरेज बनाएगी**

**TMC नॉर्थ ईस्ट को 'चिकन नेक' से अलग करने की बात करने वाले टुकड़े-टुकड़े गैंग की सरगना है**

**भाजपा कार्यकर्ता बंगाली नववर्ष (पोइला बैसाख) से घर-घर जाकर युवाओं व महिलाओं को प्रतिमाह ₹3000 दिलाने के लिए फॉर्म भरवाएँगे**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज मंगलवार को पश्चिम बंगाल के गंगारामपुर, मानिकचक और गज़ोल में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और तृणमूल कांग्रेस की सरकार में पश्चिम बंगाल में व्याप्त भ्रष्टाचार, हिंसा तथा घुसपैठ को लेकर ममता बनर्जी की जमकर आलोचना की और प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रमों के दौरान मंच पर केंद्रीय राज्यमंत्री श्री सुकांत मजूमदार, भाजपा प्रत्याशी श्री सत्येन्द्रनाथ राय, श्री बुद्धदेव टुडू, श्री गौर चंद्र मंडल, श्री चिनमय देब बर्मन और श्री निवारण घोष सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

श्री अमित शाह ने कहा कि आज अंबेडकर जयंती है। **बाबासाहेब** ने हमें विश्व का सबसे अद्‌भुत संविधान देने का कार्य किया और आज हम बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर को मनपूर्वक प्रणाम करते हैं। कल 15 अप्रैल को पोइला बैसाख है, जो बंगाली नव वर्ष की शुरुआत का दिन है। इस अवसर पर ममता बनर्जी की टीएमसी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का समय है। भारतीय जनता पार्टी ने संकल्प लिया है कि 5 मई को भाजपा की सरकार बनने के बाद पूरे बंगाल और देशभर से घुसपैठियों को चुन-चुन कर निकाला जाएगा। ये घुसपैठिए राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं, युवाओं की रोजगारी छीन रहे हैं और गरीबों के चावल व धान में हिस्सेदारी भी बांट रहे हैं। ममता बनर्जी 600 एकड़ भूमि बीएसएफ को बाड़ लगाने के लिए नहीं दे रही हैं, भाजपा ने यह तय किया है कि सरकार बनते ही 45 दिनों के भीतर बाड़ के लिए भूमि देने का कार्य पूरा कर दिया जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बंगाल की जनता सिंडिकेट से परेशान है। बालू लेने पर सिंडिकेट को टैक्स देना पड़ता है, ईंट और सीमेंट लेने पर भी सिंडिकेट को टैक्स देना पड़ता है। बंगाल की जनता 23 अप्रैल को कमल के निशान पर बटन दबाएगी और 4 तारीख के बाद सिंडिकेट वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। पूरे बंगाल से सिंडिकेट का राज खत्म हो जाएगा, ममता बनर्जी का भ्रष्टाचार समाप्त होगा और प्राचीन बंगाल के प्रवेश द्वार बाणगढ़ को फिर से उसकी गरिमा दिलाने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी। साथ ही खान नृत्य और गोमीरा मुखौटे को पूरे देश में पुनः सम्मान दिलाने का कार्य भी भारतीय जनता पार्टी करेगी। बंगाल में ममता बनर्जी के शासन में स्वास्थ्य इन्फ्रास्ट्रक्चर तहस-नहस हो गया है। भाजपा सरकार बनने के बाद उत्तर बंगाल के लिए दार्जीलिंग से सुंदरबन तक एक बहुत बड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग बनाकर समग्र उत्तर बंगाल का विकास किया जाएगा। उत्तर बंगाल में एक नया एम्स बनाया जाएगा, क्योंकि कल्याणी का एम्स दूर पड़ता है, और उत्तर बंगाल में नया एम्स बनाने का कार्य हमारे नेता माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी करेंगे। उत्तर बंगाल के लिए 600 बेड का, सभी आधुनिक तकनीक से युक्त कैंसर अस्पताल बनाने का कार्य भी भारतीय जनता पार्टी करेगी। **मालदा से गुजरात लगभग 2,000 किलोमीटर दूर है, लेकिन गुजरात के बाजार में भी मालदा के आम पहुँचते ही तेजी से बिक जाते हैं।** टीएमसी के शासन में आम के किसानों की समृद्धि के लिए जो कोल्ड स्टोरेज बनाए जाने चाहिए थे, वह कार्य नहीं किया गया। बंगाल की जनता यदि भाजपा की सरकार बनाती है, तो हर मंडल में एक कोल्ड स्टोरेज बनाने का कार्य भारतीय जनता पार्टी करेगी। उत्तर बंगाल के लिए चार बड़े इंडस्ट्रियल टाउनशिप बनाकर युवाओं को रोजगार देने का कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी। **सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए 45 दिनों के भीतर सातवां वेतन आयोग लागू किया जाएगा।** हर गरीब को ₹5 लाख तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाएगा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को ₹15,000 की आर्थिक सहायता दी जाएगी। आम के लिए कोल्ड स्टोरेज बनाए जाएंगे और धान के किसानों को ₹3100 प्रति क्विंटल का

दाम दिलाया जाएगा। किसी भी तरह के कट मनी की व्यवस्था को समाप्त किया जाएगा और बिचौलियों को पूरी तरह रोका जाएगा।

श्री शाह ने कहा कि हम उत्तर बंगाल में युवाओं के लिए आईआईटी बनाएंगे और युवाओं के लिए एक विश्व प्रसिद्ध आईआईएम भी उत्तर बंगाल के किसी जिले में स्थापित किया जाएगा। उत्तर बंगाल में एक खेल विश्वविद्यालय की स्थापना भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी। राजवंशी समाज की पुरानी मांग को ध्यान में रखते हुए राजवंशी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने का कार्य किया जाएगा। उत्तर बंगाल के लिए एक ट्राइबल यूनिवर्सिटी भी बनाई जाएगी। दार्जीलिंग को एक प्रमुख इको एडवेंचर हब के रूप में विकसित किया जाएगा। उत्तर बंगाल में चार बड़े औद्योगिक शहर स्थापित किए जाएंगे। हर महिला के बैंक खातों में हर महीने ₹3000 ट्रांसफर करने का कार्य भाजपा सरकार करेगी और हर गर्भवती महिला को ₹21000 तथा छह पोषण किट प्रदान की जाएगी। 5 मई से महिलाओं के लिए सरकारी बसों में निःशुल्क यात्रा की व्यवस्था की जाएगी। टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में बेरोजगारों की फौज खड़ी कर दी है, भाजपा सरकार हर बेरोजगार युवा को हर महीने ₹3000 देने का कार्य करेगी। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा हर किसान को ₹6000 दिए जा रहे हैं और बंगाल में भाजपा सरकार इसमें ₹3000 और जोड़कर हर किसान को सालाना ₹9000 देने का कार्य करेगी। अगले पांच वर्षों में एक करोड़ स्वरोजगार और रोजगार के अवसर उत्पन्न किए जाएंगे। आलू के किसानों को उचित मूल्य दिलाने के लिए आलू को हर राज्य में भेजने की व्यवस्था को मुक्त किया जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने  कहा कि मालदा राहत से जुड़ा घोटाला, भूतनी दियारा और पंचानन्दपुर जैसे क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति पर भी गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। सीएजी रिपोर्ट में बताया गया है कि बाढ़ के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा भेजे गए करोड़ों रुपए घोटालेबाजों की भेंट चढ़ गए। इस पर ममता बनर्जी को शर्म आनी चाहिए, क्योंकि

मालदा में बाढ़ राहत का पैसा कटमनी के माध्यम से हड़प लिया गया। ये लोग सोचते हैं कि उन्हें कुछ नहीं होगा, लेकिन अब समय बदल रहा है। कट मनी लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ममता बनर्जी के शासन में घोटालों में कोई कसर नहीं छोड़ी गई है, जिनमें कैश फॉर क्वेरी घोटाला, 23,000 शिक्षकों की भर्ती से जुड़ा घोटाला, एसएससी घोटाला, नगरपालिका और नगर निगम घोटाला, गाय तस्करी घोटाला, पीडीएस घोटाला, मनरेगा घोटाला तथा पीएम आवास योजना से जुड़ा घोटाला शामिल है। ये लोग यह समझते हैं कि घोटाले करके बच जाएंगे। 5 मई के बाद घोटाले करने वालों को जेल की सलाखों के पीछे डाला जाएगा। 4 मई को भाजपा सरकार बनने के बाद बंगाल में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू किया जाएगा और बंगाल में कोई भी चार शादी नहीं कर पाएगा। लव जिहाद और लैंड जिहाद दोनों को पूरी तरह से बंद करने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी। ममता बनर्जी के गुंडे माताओं और बहनों को परेशान करते हैं। संदेशखाली, आर.जी. कर, दुर्गापुर मेडिकल कॉलेज और साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में बलात्कार जैसी घटनाओं में टीएमसी से जुड़े लोगों का नाम सामने आता है। ममता बनर्जी स्वयं महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद वे यह कहती हैं कि "सात बजे के बाद महिलाओं को बाहर नहीं निकलना चाहिए"। बंगाल में कमल फूल की सरकार बनने के बाद रात को 12 बजे भी महिलाओं को कोई हाथ न लगा सकेगा।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण बहुत पहले ही होना चाहिए था, लेकिन साढ़े पांच सौ वर्षों तक कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, सपा, बसपा और डीएमके ने रामलला को टेंट में रखा। अंग्रेजों से लेकर कांग्रेस तक सभी ने राम मंदिर का विरोध किया, लेकिन 2019 में जनता ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को पूर्ण बहुमत दिया और उनके नेतृत्व में अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ। ममता बनर्जी अपने पुराने साथी हुमायूं कबीर को साथ में रखकर पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाना चाहती हैं, लेकिन भाजपा स्पष्ट करती है कि बंगाल की भूमि पर बाबरी मस्जिद नहीं बनने दी जाएगी। हुमायूं कबीर, ममता बनर्जी के इशारे पर यह काम कर रहा है, लेकिन अब उनका समय समाप्त हो

चुका है और बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है, धारा 370 को कांग्रेस और अन्य दलों ने 75 वर्षों तक बनाए रखा। देश की जनता ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को पूर्ण बहुमत दिया और 5 अगस्त को धारा 370 को धराशायी कर दिया गया। कांग्रेस के समय आतंकवादी घटनाएं होती थीं और आतंकवादियों को संरक्षण मिलता था, मोदी सरकार ने उरी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक की, पुलवामा हमले के बाद एयर स्ट्राइक की और पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवादियों को घर में घुसकर खत्म किया।

श्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस, कम्युनिस्ट और टीएमसी देश को सुरक्षित नहीं रख सकते। मोदी सरकार ने देश में नक्सलवाद को समाप्त करने का काम किया है और आगे भी पूरे देश से घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर निकालने का कार्य किया जाएगा। टीएमसी ने पुनर्भवा नदी को डंपिंग ग्राउंड बना दिया है, जिसे साफ कर पुनः उसमें जल प्रवाह बहाल करने का कार्य भारतीय जनता पार्टी करेगी। तटबंध टूटने की समस्या के समाधान के लिए उचित व्यवस्था की जाएगी, ताकि किसानों के खेतों को जलभराव से बचाया जा सके। सोने की तस्करी और गौ तस्करी जैसी गतिविधियों को उत्तर बंगाल से पूरी तरह रोका जाएगा और क्षेत्र को सुरक्षित बनाया जाएगा। कुछ लोग सिलीगुड़ी से चिकन नेक काटने जैसी बात करते हैं, इस प्रकार की विभाजनकारी मानसिकता के पीछे दीदी और भाईपो हैं। बंगाल की जनता इस चुनाव में परिवर्तन के लिए तैयार है और इस बार जनता इन्हें सत्ता से बाहर करने जा रही है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि ममता बनर्जी का लक्ष्य बंगाल के युवाओं को रोजगार देना नहीं है, बंगाल को समृद्ध करना नहीं है और न ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य को बढ़ाना है। उनका एकमात्र लक्ष्य अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना है और इसके लिए वे लोगों को गुमराह कर रही हैं कि बाहरी लोग आकर शासन चलाएंगे। हम बंगाल की जनता को यह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि बंगाल का मुख्यमंत्री बंगाल में ही जन्मा हुआ, बंगाली भाषी और बंगाली माध्यम में पला-

बढ़ा भाजपा का नेता होगा। चुनाव में हर बार ममता बनर्जी के गुंडे डराते हैं, लेकिन इस बार डरना नहीं है। टीएमसी और उनके, गुंडों के सामने खड़े हो जाइए, इनका समय समाप्त हो चुका है। इस बार चुनाव आयोग द्वारा शांतिपूर्ण व्यवस्था से मतदान कराया जाएगा। टीएमसी के गुंडे, ममता बनर्जी के इशारे पर सड़क पर उतरने की कोशिश न करें, वरना 5 तारीख के बाद कानून अपना काम करेगा और कोई भी बच नहीं पाएगा। श्री शाह ने लोगों से अपील की कि भयमुक्त होकर कमल के निशान पर बटन दबाएं, भाजपा की सरकार बनाएं और कवि गुरु की कल्पना का सोनार बांग्ला साकार करें। बंगाल की जनता सभी प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से जिताएगी, कमल के निशान पर बटन दबाएगी, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथ मजबूत करेगी और भाजपा की सरकार बनाएगी।

***************